शाहजहाँपुर पुलिस

*** प्रेस नोटः- दिनांक 14.04.2024***

थाना सदर बाजार को मिली बडी सफलता

बड़ा मोहल्ला शाहबाजनगर 07 वर्षीय बालिका के साथ बलात्कार जेसा जघन्य अपराध कारित करने वाले अभियुक्त को थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा 12 घण्टे के अन्दर किया गया गिरफ्तार

श्री अशोक कुमार मीणा,पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार,व श्री संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं श्रीमती सौम्या पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में अपराध नियन्त्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा 07 वर्षीय बालिका के साथ बलात्कार जैसा जघन्य अपराध कारित करने वाले अभियुक्त को 12 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार करके जेल भेजा गया।

दिनाक 14.04.2024 को वादी श्री संजीव कुमार पुत्र श्री गुलजारी लाल निवासी बड़ा मोहल्ला शाहबाजनगर थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर की तहरीर सूचना के आधार पर थाना सदर बाजार पर मु0अ0सं0 282/2024 धारा 376AB भा0दं0वि0 व 5m/6 पाक्सो एक्ट बनाम इन्द्रपाल जाटव पुत्र चेतराम उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी बड़ा मोहल्ला, शाहबाजनगर, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर के विरूद्ध पंजीकृत होकर विवेचना प्रभारी निरीक्षक सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर के द्वारा प्रारम्भ की गई। घटना की संवेदनशीलता के दृष्टिगत त्वरित कार्यवाही करते हुए इस अभियोग में नामजद अभियुक्त इन्द्रपाल जाटव पुत्र चेतराम को आज दिनांक 14.04.2024 को मुखबिरखास की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक/विवेचक द्वारा मय टीम के थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत शाहबाजनगर दक्षिण रेलवे अण्डरपास के नीचे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है तथा इस मामले में प्रभावी विधिक कार्यवाही की जा रही है।

बरामदगी का विवरण :-

एक अदद मोबाईल

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-

इन्द्रपाल जाटव पुत्र चेतराम उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी बड़ा मोहल्ला शाहबाजनगर, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर

अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 745/2023 धारा 323/504/506 भा0दं0वि0 थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर
2. मु0अ0सं0 282/2024 धारा 376AB भा0दं0वि0 व 5m/6 पाक्सो एक्ट थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1. श्री रवीन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 श्री मनोज कुमार उपाध्याय, चौकी प्रभारी शाहबाजनगर, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर।
3. कां0 1863 धर्वेन्द्र कुमार, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर।
4. कां0 2709 वीजेन्द्र सिंह, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर।
5. कां0 2180 प्रवीण कुमार, थाना सदर बाजार, जनपद शाहजहाँपुर।
6. हे0का0 सोनू चौधरी, फोरेन्सिक टीम, जनपद शाहजहाँपुर।
7. हे0कां0 लाल बिहारी, फोरेन्सिक टीम, जनपद शाहजहाँपुर।
8. कां0 विशाल कुमार, फोरेन्सिक टीम, जनपद शाहजहाँपुर।